K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

Question Paper 2022-23

STD : IV **ASSESSMENT -1** **SUB: HINDI**
MARK : 40

(विभाग १ : गद्य – अंक १२)

प्रश्न १) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

एक दिन रात के भोजन के समय रसगुल्ला देखकर पड़ोसी राज्य के राजा ने राजा कृष्णदेव से पूछा, "रसगुल्ले की जड़ क्या है?"

यदि मुझे सही उत्तर नहीं मिला, तो मैं इसे अपना अपमान समझूँगा।" तेनालीराम बोले, "मैं कल सुबह रसगुल्ले की जड़ खोजकर ले आऊँगा।" अगली सुबह दरबार में एक छोटा-सा बक्सा पड़ोसी राज्य के राजा को दिया गया। डिब्बा खोलने पर राजा चिल्ला पड़े, "आप मुझे मूर्ख बना रहे हैं। यह तो गन्ना है।" तेनालीराम ने मुसकुराते हुए उत्तर दिया, "महाराज, हर मिठाई शक्कर से बनती है और शक्कर गन्ने से बनती है। इसलिए रसगुल्ले की जड़ गन्ना है।"

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(2)**

१) मैं कल सुबह ____________ की जड़ खोजकर ले आऊँगा।

२) डिब्बा खोलने पर _________ चिल्ला पड़े।

ख) निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा। **(2)**

१) "मैं कल सुबह रसगुल्ले की जड़ खोजकर ले आऊँगा।"

२) "रसगुल्ले की जड़ क्या है?"

ग) निम्नलिखित वाक्य में सही उत्तर के सामने सही (√) का और गलत उत्तर के सामने गलत (×) का निशान लगाइए। **(2)**

१) तेनालीराम ने पड़ोसी राज्य के राजा को गुस्से से उत्तर दिया।

२) पड़ोसी राज्य के राजा ने भोजन के समय रसगुल्ला देखकर राजा कृष्णदेव से प्रश्न पूछा।

घ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(4)**

१) मिठाई किस-से बनती है?

२) तेनालीराम ने पड़ोसी राज्य के राजा को दरबार में क्या दिया?

३) डिब्बे में क्या था?

४) शक्कर किस-से बनती है?

च) मेरी राय (स्वअध्ययन पर प्रश्न) **(2)**

१) कृष्णदेव राजा के स्वभाव के बारे में आपके विचार लिखिए।

(विभाग २ : पद्य –अंक १०)

प्रश्न २) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

नभ में प्यारी लाली छाई,
धरती ने प्यारी छवि पाई।

भोर हुई सूरज उग आया,
जल में पड़ी सुनहरी छाया।

नन्ही-नन्ही किरणें आई,
फूल खिले, कलियाँ मुसकाई।

इतना सुंदर समय मत खोओ,
मेरे प्यारे अब मत सोओ।

कवि - सोहनलाल द्विवेदी

क) निम्नलिखित शब्दों की जोड़ियों का मिलान कीजिए। **(3)**

अ	उत्तर	ब
१) सूरज		समय
२) सुंदर		छवि
३) धरती		भोर

ख) निम्नलिखित वाक्य में सही उत्तर के सामने सही (√) का और गलत उत्तर के सामने गलत (×) का निशान लगाइए। **(2)**

१) फूल मुरझा हुए है।
२) भोर होने पर नभ में चाँद आया है।

ग) निम्नलिखित शब्द से वाक्य बनाए। **(1)**

१) समय –

घ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **(4)**

१) सुनहरी छाया कहाँ पर पड़ी है ?
२) किरणें कैसी आई हैं?
३) सुबह होने पर कौन निकलता है?
४) उपर्युक्त कविता के कवि कौन है?

(विभाग ३ : व्याकरण – अंक १२)

प्रश्न ३) क) कोष्ठक की सहायता से समानार्थी शब्द लिखिए। **(6)**

[दोस्त, पुष्प, नभ, नरेश, पानी, निशा]

१) फूल = _________ २) राजा = __________ ३) रात = ___________
४) मित्र = _________ ५) जल = __________ ६) आसमान = __________

ख) कोष्ठक की सहायता से विलोम शब्द लिखिए। **(6)**

[नापसंद, नकली, गलत, प्रश्न, हानि, अशांति]

१) लाभ × _________ २) पसंद × __________ ३) असली × __________
४) शांति × _________ ५) सही × __________ ६) उत्तर × ___________

(विभाग ४ : लेखन –अंक ०६)

प्रश्न ४) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर निबंध लेखन लिखिए। **(6)**

१) मेरे दादाजी २) मेरा जन्मदिन ३) महात्मा गांधी